प्रश्नपत्र संख्या

25 04 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – .................................................................... राज्य ........................

प्रतियोगी का नाम – .............................................. ह० .................... अनुक्रमांकः ....................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-चौथी** | कुल अंकः 100

**निर्देशः** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प चुनिए।

2) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।

3) किसी प्रश्न का उत्तर न देने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।

4) एक से अधिक उत्तर देने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. भाषा की छोटी से छोटी मूल ध्वनि कौन-सी है?**

(क) लिपि (ख) वर्ण (ग) संज्ञा

**प्रश्न 2. गाय का वर्ण विच्छेद है?**

(क) ग् + आ + य् + अ (ख) ग् + अ + य् + आ (ग) ग् + आ + य्

**प्रश्न 3. स्थान की दृष्टि से व्यंजन के कितने भेद होते हैं?**

(क) 1 (ख) 5 (ग) 4

**प्रश्न 4. किसकी सहायता से हमें शुद्ध लिखना पढ़ना तथा बोलना आता है?**

(क) लिपि (ख) उपसर्ग (ग) व्याकरण

**प्रश्न 5. 'पत्र लिखना' भाषा का कौन-सा रूप है?**

(क) लिखित रूप (ख) मौखिक रूप (ग) सांकेतिक रूप

**प्रश्न 6. 'क' वर्ग का उच्चारण स्थान है-**

(क) मूर्धा (ख) कंठ (ग) ओष्ठ

**प्रश्न 7. निम्न में से कौन-सी जातिवाचक संज्ञा है?**

(क) गंगा (ख) पहाड़ (ग) बचपन

**प्रश्न 8. "कुतुब मीनार की ऊँचाई बहुत अधिक है।" इनमें से कौन-से दो संज्ञा शब्द हैं?**

(क) बहुत, अधिक (ख) अधिक, है (ग) कुतुब मीनार, ऊँचाई

**प्रश्न 9. 'नौकर' का शुद्ध लिंग परिवर्तन चुनिए-**

(क) नौकरी (ख) नौकरानी (ग) नुकरानी

**प्रश्न 10. 'लिंग' किसके बारे में बताते हैं?**

(क) एक और अनेक (ख) उल्टा अर्थ (ग) स्त्री और पुरुष जाति

**प्रश्न 11. किसी एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध कराने वाले शब्दों के रूप को क्या कहते हैं?**

(क) बहुवचन (ख) एक वचन (ग) त्रिवचन

**प्रश्न 12. निम्न में से बहुवचन है-**

(क) बच्चा (ख) कपड़ा (ग) चिड़ियाँ

**प्रश्न 13. "मैं अपना काम खुद करूँगा?" किस सर्वनाम का उदाहरण है?**

(क) निजवाचक (ख) उत्तम पुरुषवाचक (ग) अन्य पुरुषवाचक

**प्रश्न 14. जब 'र' स्वर-सहित होता है तो वह कहाँ लगता है?**

(क) पदेन (ख) ऊपर (ग) पीछे

**प्रश्न 15. पदों के सार्थक और व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?**

(क) शब्द (ख) वाक्य (ग) पत्र

**प्रश्न 16. 'विद्यार्थी कक्षा में पढ़ रहे हैं।' वाक्य में उद्देश्य होगा-**

(क) कक्षा (ख) पढ़ रहे हैं (ग) विद्यार्थी

**प्रश्न 17. विशेषण की विशेषता बताने वाले शब्द क्या कहलाते हैं ?**

(क) विशेषण (ख) प्रविशेषण (ग) विशेष्य

**प्रश्न 18. 'राधिका चौथी कक्षा में पढ़ती है।' वाक्य में कौन-सा विशेषण है?**

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) परिमाण वाचक

**प्रश्न 19. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?**

(क) छात्र (ख) लंबा (ग) बुद्धिमान

**प्रश्न 20. वह शब्द जिससे किसी कार्य के करने अथवा होने का बोध हो उसे कहते हैं-**

(क) कर्म (ख) क्रिया विशेषण (ग) क्रिया

**प्रश्न 21. 'आकाश में बादल छाए हैं।' इस वाक्य में क्रिया शब्द है-**

(क) छाए हैं (ख) आकाश (ग) बादल

**प्रश्न 22. काल के कितने भेद होते हैं-**

(क) दो (ख) चार (ग) तीन

**प्रश्न 23. 'नीरज खाना खा रहा है।' इनमें से कौन-सा काल है?**

(क) भविष्यकाल (ख) भूतकाल (ग) वर्तमान काल

**प्रश्न 24. मानव का विलोम शब्द है-**

(क) रावण (ख) दानव (ग) दान

**प्रश्न 25. 'अनल, पावक' पर्यायवाची शब्द हैं-**

(क) पानी के (ख) हवा (ग) आग के

**प्रश्न 26. दर्जी <u>कपड़े</u> सिल रहा है। रेखांकित शब्द का सही पर्यायवाची होगा-**

(क) नग (ख) वस्त्र (ग) धरा

**प्रश्न 27. 'चाद' शब्द में उचित अनुनासिक वाला शब्द कौन-सा है?**

(क) चाँद (ख) चदाँ (ग) चंद

**प्रश्न 28. 'जो साथ <u>पढ़ता हो</u>' वाक्यांश के लिए एक शब्द है-**

(क) सहपाठी (ख) सहकर्मी (ग) सहयात्री

**प्रश्न 29. 'रंग और बेटा' किसके अनेकार्थी शब्द हैं?**

(क) बाल के (ख) लाल के (ग) डाल के

**प्रश्न 30. रमनी......... रजनी और राकेश बाजार जा रहे हैं। रिक्त स्थान में विराम चिह्न आएगा-**

(क) ! (ख)? (ग) ,

**प्रश्न 31. प्रश्नसूचक वाक्यों के अंत में किस विराम चिह्न को लगाया जाता है?**

(क) प्रश्न चिह्न (ख) विस्मयादिबोधक (ग) योजक चिह्न

**प्रश्न 32. शुद्ध रूप वाला शब्द है-**

(क) आषा (ख) आशा (ग) अषा

**प्रश्न 33. '16' को हिंदी में इस प्रकार लिखेंगे-**

(क) सोलाहा (ख) सोल्हा (ग) सोलह

**प्रश्न 34. बच्चा सो गई। वाक्य को शुद्ध करके लिखिए।**

(क) बच्चा सो गया (ख) बच्ची सो गया (ग) गया सो बच्चा

**प्रश्न 35. 'आँखों का तारा' मुहावरे का क्या अर्थ है?**

(क) प्रेम होना (ख) आमंत्रण देना (ग) बहुत प्यारा

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आज का मानव यह बात भूल गया है कि उसके द्वारा ली जाने वाली हर साँस पेड़ों की ही देन है। अगर ये पेड़ न होते तो इस धरती पर जीवन भी नहीं होता, क्योंकि यही पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड लेकर बदले में हमें ऑक्सीजन देते हैं। ऑक्सीजन ही प्राण वायु है। जिससे सभी प्राणियों में प्राणों का संचार हो रहा है। पेड़ों का जीवन संतों के समान है। ये अपने फल-फूल, लकड़ी आदि सभी कुछ मानव को दे देते हैं। यह प्रदूषण को कम करने के साथ-साथ बादलों को भी आकर्षित करते हैं। सोचिए यदि यह वृक्ष न होंगे तो इस धरती पर जीवन कैसा रहेगा।

**प्रश्न 36. हमारी हर साँस किसकी देन है?**

(क) फेफड़ों की (ख) पेड़ों की (ग) डॉक्टर की

**प्रश्न 37. अगर ये पेड़ ना होते, तो क्या होता?**

(क) हमारे फर्नीचर नहीं बन पाते

(ख) गांव में लोग खाना नहीं बना पाते

(ग) धरती पर जीवन नहीं होता

**प्रश्न 38. ऑक्सीजन को और क्या कहते हैं?**

(क) अनिल (ख) प्राण वायु (ग) प्राण

**प्रश्न 39. गद्यांश में पेड़ों का जीवन किसके समान बताया गया है?**

(क) गुरु के समान (ख) गुणी व्यक्तियों के समान (ग) संतों के समान

**प्रश्न 40. अंतिम पंक्ति में पेड़ का समानार्थी शब्द प्रयोग किया गया है-**

(क) तरुवर (ख) विटप (ग) वृक्ष